03

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक Thakur Constructions Private Limited, (Reg. No. 1240017) Add:- Hanuman Nagar,Kanshi Simridarbhanga,Darbhanga,Bihar, Pincode: 847106 के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–12594 दिनांक 15.12.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किये जाने के विरूद्ध दिनांक 07.01.2026 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

06/02/2026

आदेश

याचिकाकर्त्ता/संवेदक Thakur Constructions Private Limited, (Reg. No. 1240017) Add:- Hanuman Nagar,Kanshi Simridarbhanga,Darbhanga,Bihar, Pincode: 847106 उपस्थित एवं विभाग की ओर से सहायक अभियंता उपस्थित।

2. प्रस्तुत मामला ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–01 के अधीन **Package No.-RRSMP/25-26 Darbhanga-01/02 (Tender Id-142951), Package No.-RRSMP/25-26 Darbhanga-01/04 (Tender Id-142953)** एवं दरभंगा–02 के अधीन **Package No.-RRSMP/25-26 Darbhanga-02/04 (Tender Id-142958)** में संवेदक Thakur Constructions Private Limited, (Reg. No. 1240017) द्वारा **Audit Report** में अंकित **ATO** एवं **Civil Work** की राशि गलत/भ्रामक होने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में विहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 12594 दिनांक 15.12.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

3. उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 07.01.2026 को अपना अपील अभ्यावेदन समर्पित करते हुए संदर्भित निविदा में Cyber Cafe द्वारा ही किसी अन्य संवेदक के बहकावे में आकर उक्त निविदा में इनके विरूद्ध **ATO** एवं **Civil Work** की राशि गलत अंकित कर अपलोड कर दिये जाने के कारण कालीसूची से मुक्त किये जाने हेतु अनुरोध किया गया।

4. सुनवाई में याचिकाकर्त्ता द्वारा स्वीकार्य किया गया कि संदर्भित निविदा में **ATO** एवं **Civil Work** की राशि साईबर कैफे द्वारा गलत अंकित कर अपलोड कर दी गयी।

5. उभय पक्षो को सुनने के उपरान्त यह स्पष्ट है कि सभी प्रकार के कागजात अपलोड करने के लिए संवेदक स्वयं जिम्मेदार होते है चाहे वे साईबर कैफे से कराये या स्वयं ऐसे स्थिति मे यह प्रमाणित होता है कि प्रमाण–पत्र जाली था।

अतएव याचिकाकर्त्ता/संवेदक द्वारा कालीकृत आदेश के विरूद्ध समर्पित अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत करते हुए विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक 12594 दिनांक 15.12.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए की गयी कालीकृत (Blacklist) आदेश को यथावत रखा जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(दिवेश सेहरा)
सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–279/2025 1754 /पटना, दिनांक– 10.2.26

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10-02-2026

(प्रभाष चन्द्र सिंह 'प्रबल')

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–279/2025 1754 /पटना, दिनांक– 10.2.26

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10-02-2026

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–279/2025 1754 /पटना, दिनांक–10.2.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

10-02-2026

सरकार के उप सचिव

निबंधित

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–279/2025 1754 /पटना, दिनांक–10.2.26

प्रतिलिपि– संवेदक **Thakur Constructions Private Limited Add:- Hanuman Nagar, Kanshi Simridarbhanga, Darbhanga, Bihar Pincode: 847106** को सूचनार्थ प्रेषित।

10-02-2026

सरकार के उप सचिव

Website

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–279/2025 1754 /पटना, दिनांक– 10.2.26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10-02-2026

सरकार के उप सचिव